राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल से बिहार पूर्व सैनिक संघ (अधिकारी) के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

पटना, 16 जुलाई 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन से आज बिहार पूर्व सैनिक संघ (अधिकारी) के छः सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन समर्पित किया। प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष कर्नल बी॰के॰ सिंह एवं सचिव मेजर विकास सिंह के अतिरिक्त विंग कमांडर नरेन्द्र कुमार, ब्रिगेडियर ए॰के॰ सिंह, कर्नल हरेन्द्र कुमार झा एवं कर्नल इशरत नबी शामिल थे।

ज्ञापन में पूर्व सैनिकों की कुछ समस्याओं का उल्लेख करते हुए आवश्यक सुझाव भी दिये गये हैं। प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल से मुलाकात कर अनुरोध किया कि पूर्व सैनिकों को राज्य सेवाओं के विभिन्न पदों पर पुनर्नियोजित करते हुए उनकी सेवाओं का बेहतर उपयोग किया जा सकता है। इस क्रम में संघ के प्रतिनिधियों ने बी॰एम॰पी॰–16, जिसमें कि काफी संख्या में पूर्व सैनिकों की नियुक्तियाँ होती हैं, को सशक्त और सुदृढ़ बनाने का अनुरोध किया। पूर्व सैनिकों की नियुक्ति 'SAP' में और अधिक संख्या में करने हेतु भी ज्ञापन में अनुरोध किया गया है। ज्ञापन में यह भी अनुरोध किया गया है कि पूर्व सैनिकों के पुनर्नियोजन की एक 'राज्य नीति' तैयार होनी चाहिए।

संघ के अधिकारियों ने अनुरोध किया कि अन्य राज्यों की भाँति बिहार में भी पूर्व सैनिकों को 'हाऊसिंग कॉलोनी' की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। अधिकारियों ने प्रायोगिक तौर पर आरा में पूर्व सैनिकों के लिए एक 'ओल्ड एज होम' भी स्थापित कराने पर विचार का अनुरोध किया। ज्ञातव्य है कि पुराने शाहाबाद क्षेत्र में आनेवाले इलाकों में काफी संख्या में पूर्व सैनिक ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं।

पूर्व सैनिकों के उक्त संघ के अधिकारियों ने राज्यपाल को 'दानापुर छावनी', जो देश की दूसरी सबसे पुरानी सैनिक छावनी है, को सैन्य–पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का भी सुझाव दिया तथा यहाँ सैन्य अधिकारियों के लिए महोत्सव आयोजित कराने का भी अनुरोध किया। पूर्व सैनिक अधिकारियों ने राज्य में स्थापित 'युद्ध स्मारक स्थलों' एवं सैनिकों की मूर्तियों के समुचित रख–रखाव हेतु कारगर व्यवस्था बहाल कराने का भी अनुरोध किया।

राज्यपाल ने पूर्व सैन्य अधिकारियों से कहा कि वे उनके सुझावों से राज्य सरकार को अवगत करायेंगे। राज्यपाल ने कहा कि शहीद सैनिकों की 53 वीर–नारियों को इस वर्ष राजभवन में आमंत्रित कर प्रत्येक को 51 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्राप्त की गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की सेवाओं को कृतज्ञ भारतवासी सदैव याद रखते हैं।

....